दिन– रविवार

दिनांक– 27 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

01. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत प्रदेश में सात करोड़ चौबीस लाख से अधिक गणना प्रपत्र जमा हुए। लगभग पैंसठ लाख मतदाताओं का नाम कटना तय है।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में हथकरघा के क्षेत्र में नालंदा जिले के बुनकर नवीन कुमार की सराहना की। प्रधानमंत्री ने अमर शहीद खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सफाई कर्मियों के कल्याण के लिए राज्य सफाई आयोग के गठन की घोषणा की।

04. और, प्रदेश में मानसून की सक्रियता के चलते बारिश का सिलसिला जारी। वैशाली, बेगूसराय, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, में भारी बारिश की आशंका।

---

बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन को लेकर एक माह तक चले विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सात करोड़ चौबीस लाख मतदाताओं से गणना प्रपत्र जमा लिये गये हैं। यह विशेष सत्यापन अभियान राज्य के सभी दो सौ तैंतालीस विधान सभा क्षेत्रों में चौबीस जून से पच्चीस जुलाई तक चलाया गया। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि सात करोड़ नवासी लाख मतदाताओं में से इक्यानवें दशमलव उनहत्तर प्रतिशत मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र जमा कर दिये हैं। इस अभियान के दौरान बी.एल.ओ ने घर घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया। इस दौरान बाईस लाख मतदाता मृत पाये गये और छत्तीस लाख लोगों ने अपना निवास स्थान स्थायी रुप से बदल लिया है। वहीं सात लाख वोटर ऐसे है जिनके नाम दो से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता सूची में दर्ज हैं। सत्यापन के अनुसार लगभग पैंसठ लाख मतदाताओं का नाम निर्वाचक सूची से कटने की संभावना है। आयोग के अनुसार विशेष पुनरीक्षण के आधार पर एक अगस्त को मतदाता सूची का प्रारुप प्रकाशित किया जायेगा और अगले एक माह तक यानी एक सितंबर तक मतदाताओं और राजनीतिक दलों के दावा आपत्तियां ली जायेंगी।

---

इधर, सर्वोच्च न्यायालय कल बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ करेगी। निर्वाचन आयोग का कहना है कि संशोधन का उद्देश्य अयोग्य नामों को हटाकर पारदर्शी मतदाता सूची सुनिश्चित करना है।

——————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इक्कीसवीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गया।

———बाइट———

अभी हाल ही में शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी को लेकर देश में बहुत चर्चा हुई। जैसे ही शुभांशु धरती पर सुरक्षित उतरे लोग उछल पड़े। हर दिल में खुशी की लहर दौड़ गई। पूरा देश गर्व से भर गया। अब छोटे–छोटे बच्चे कहते हैं। हम भी स्पेस में जाएंगे। हम भी चांद पर उतरेंगे। स्पेस साइंटिस्ट बनेंगे।

श्री मोदी ने स्वदेशी आंदोलन की चर्चा की जो 7 अगस्त,1905 को शुरु हुआ था। इसी स्मृति में, हर साल 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के पैठण गांव की कविता धवले की चर्चा की जो सरकार की मदद से अब खुद की बनाई पैठणी साड़ियां बेच रही हैं। श्री मोदी ने कहा कि 2047 के विकसित भारत का रास्ता आत्म–निर्भरता से होकर गुज़रता है और आत्मनिर्भरता भारत की नींव तभी मज़बूत होगी जब हम वही खरीदें और बेचें जिसे बनाने में किसी भारतीय का पसीना बहा हो।

प्रधानमंत्री ने नालंदा के बुनकर नवीन कुमार की उनके काम को लेकर सराहना की। श्री कुमार नेपुरा ग्राम में रेशम प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति का संचालन करते है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगस्त का महीना क्रांति का महीना है। उन्होंने अठारह वर्ष के क्रांतिकारी खुदीराम बोस के साहस की प्रशंसा की जो ग्यारह अगस्त, उन्नीस सौ आठ को हंसते–हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए। बिहार के मुज़फ़्फरपुर की जेल में जब उन्हें अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ अपना देश–प्रेम व्यक्त करने की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही थी, उस समय लोगों ने जेल को घेर रखा था और उनकी आंखों में आंसू थे। श्री मोदी ने कहा कि देश के दीवानों ने अपने रक्त से आज़ादी के आंदोलन को सींचा था और अनगिनत बलिदानों के बाद देश को आज़ादी मिली थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पहली अगस्त को मनाई जाएगी। अगस्त महीने की ही आठ तारीख़ को महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन शुरु हुआ था। श्री मोदी ने कहा कि पन्द्रह अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश की आज़ादी के साथ बंटवारे की टीस भी जुड़ी हुई है। इसलिए, चौदह अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

श्री मोदी ने कहा कि वर्तमान और इतिहास का दस्तावेजीकरण करना ज़रूरी है। श्री मोदी ने कहा कि भारत की असली ताकत वह ज्ञान है, जिसे सदियों से पांडुलिपियों के रूप में सहेजा गया है। इन पांडुलिपियों में विज्ञान, चिकित्सा–पद्धति, संगीत और दर्शन के बारे में जानकारियां हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे असाधारण ज्ञान और विरासत को सहेजना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। श्री मोदी ने कहा कि इससे प्रेरित होकर इस वर्ष बजट में ज्ञान भारतम् मिशन की घोषणा की गई है।

–––बाइट–––

ज्ञान भारतम् मिशन, इस मिशन के तहत प्राचीन पांडुलिपियों को डिजिटलाइज किया जाएगा। फिर नेशनल डिजिटल डिपॉजिटरी बनाई जाएगी। जहां दुनियाभर के विद्यार्थी शोधकर्ता भारत के ज्ञान परंपरा से जुड़ सकेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अब एक जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने इस वर्ष के स्वच्छता सर्वेक्षण में साढ़े चार हजार से ज्यादा शहर और कस्बे जुड़े हैं।

–––बाइट–––

स्वच्छ भारत मिशन इस मिशन को 11 साल पूरे होंगे, लेकिन इसकी ताकत और इसकी जरूरत आज भी वैसी ही है। इन 11 वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन एक जन आंदोलन बना है। लोग इसे अपना फर्ज मानते हैं और यही तो असली जनभागीदारी है।

प्रधानमंत्री ने भोपाल की सकारात्मक सोच टीम की सराहना की जिसमें दो सौ महिलाएं हैं। यह टीम शहर के 17 पार्कों की सफाई करती हैं और कपड़े के थैले बांटती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाली तीज के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। श्री मोदी ने कहा कि आगामी नागपंचमी, रक्षाबंधन और जन्माष्टमी त्यौहार हमारी भावनाओं से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को इन पावन पर्वों की शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने नालंदा के बुनकर नवीन कुमार की उनके काम को लेकर सराहना की। श्री कुमार ने इसके लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया।

–––बाइट–––

श्री कुमार ने कहा कि उनकी बुनकर समिति में दो सौ एकसठ लोग कार्यरत है।

–––बाइट–––

————————————————————————————

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि  प्रधानमंत्री देशवासियों की बात सुनते हैं और उसे इस कार्यक्रम के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने को काम करते हैं।

–––बाइट–––

————————————————————————————

पूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्य–तिथि पर आज देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। डॉ. कलाम ने देश के अंतरिक्ष और मिसाइल कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस पर सीआरपीएफ से जुड़े कर्मियों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सीआरपीएफ ने आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के सुरक्षाकर्मी कठिन परिस्थिति में कर्तव्य पालन, साहस और समर्पण के लिए जाने जाते है। प्रधानमंत्री ने मानवीय चुनौतियों से उबरने में बल के योगदान की सराहना की।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सफाई कर्मचारी आयोग के गठन की घोषणाा की है। आयोग में अध्यक्ष के अलावा एक उपाध्यक्ष और पांच सदस्य होंगे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुये कहा कि यह आयोग सफाई कर्मचारियों के अधिकारों और हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। इस आयोग के गठन की मांग लम्बे समय से की जा रही थी।

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने सफाई कर्मचारियों के लिए आयोग की घोषणा पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

———बाइट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना संग्रहालय के नवनिर्मित गंगा गैलरी, पाटली गैलरी एवं प्रेक्षा गृह का उद्घाटन किया। उन्होंने बिहार संग्रहालय का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के पास निर्माणाधीन टनल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का दिया निर्देश।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटे में राज्य के उत्तर एवं दक्षिण–मध्य भागों के एक दो स्थानों पर मेघगर्जन तथा वज्रपात की आशंका है। इस बीच तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा के चलने की संभावना है। वहीं, राज्य के वैशाली, समस्तीपुर, सीतामढी, बेगूसराय समेत अन्य जिलों में भारी वर्षा की संभावना है।

———बाइट———

———————————————————————————————

सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने आज सासाराम–भभुआ कॉपरेटिव सेंटर बैंक की वार्षिक आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नई सहकारिता मिशन से कृषि से जुड़ें लोगो और किसानों को काफी लाभ होगा। जमुहार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि इस मिशन से रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

———————————————————————————————

01. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत प्रदेश में सात करोड़ चौबीस लाख से अधिक गणना प्रपत्र जमा हुए। लगभग पैंसठ लाख मतदाताओं का नाम कटना तय है।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में हथकरघा के क्षेत्र में नालंदा जिले के बुनकर नवीन कुमार की सराहना की। प्रधानमंत्री ने अमर शहीद खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सफाई कर्मियों के कल्याण के लिए राज्य सफाई आयोग के गठन की घोषणा की।

04. और, प्रदेश में मानसून की सक्रियता के चलते बारिश का सिलसिला जारी। वैशाली, बेगूसराय, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, में भारी बारिश की आशंका।

———————————————————————————————

समाप्त